पंजाब केसरी 11/03/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. नेट परीक्षा की तैयारी' पर व्याख्यान देतीं वक्ता। (चंद्रमोहन)

'सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. नेट परीक्षा की तैयारी' पर व्याख्यान

प्रतियोगी परीक्षाओं के युग में केवल किताबी ज्ञान नहीं, सही दिशा और सटीक रणनीति की भी आवश्यकता : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 10 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के गणित विभाग द्वारा बी.एस.सी. और एम.एस.सी. के विद्यार्थियों के लिए 'सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. नेट परीक्षा की तैयारी' विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. नेट परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए मानसिक एवं रणनीतिक रूप से तैयार करना था।

अपने संदेश में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के इस युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही दिशा और सटीक रणनीति की भी आवश्यकता है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को न केवल स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान करना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने और आधुनिक संसाधनों का सदुपयोग करने का मंत्र दिया।

अपने संबोधन में व्याख्यान की मुख्य वक्ता असिस्टैंट प्रोफैसर सुजाता गोयल ने परीक्षा में सफलता के मूल मंत्र सांझा करते हुए एक संगठित दृष्टिकोण, संकल्पनात्मक स्पष्टता और रणनीतिक समय प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे विषयों की गहन समझ के लिए मानक पाठ्य-पुस्तकों का ही अध्ययन करें। इसके साथ ही उन्होंने हर विषय के संक्षिप्त नोट्स और फॉर्मूला शीट तैयार करने को परीक्षा के अंतिम समय की तैयारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

गणित विभागाध्यक्ष डॉ. पिंकी ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और संकल्प ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को नेट परीक्षा के वैश्विक महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें शोध और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विभाग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव तत्पर है।

इस अवसर पर कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस. नैन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और विभाग के इस प्रयास की सराहना की। भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रोफैसर डॉ. एस.के. पांडेय ने भी विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन असिस्टैंट प्रोफैसर सृष्टि कपूर द्वारा किया गया। इस व्याख्यान में बी.एस.सी. और एम.एस.सी. (गणित) के लगभग 53 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में असिस्टैंट प्रोफैसर डॉ. राजेश और अर्चना जैन आदि उपस्थित रहे।